*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

# राष्ट्रीय युवा योजना के राष्ट्रीय शिविर का आयोजन
## शिविरार्थियों ने हिंदी विश्वविद्यालय का किया भ्रमण
## सुब्बाराव के नेतृत्व में जुटे देशभर के 300 कार्यकर्ता

**वर्धा दि. 4 नवंबर 2015: सेवाग्राम में आयोजित राष्ट्रीय युवा योजना दिल्ली द्वारा आयोजित शिविर के शिविरार्थियों ने बुधवार को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का भ्रमण**



**कर विश्वविद्यालय की गतिविधियां एवं उपक्रमों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण से पूर्व गांधी हिल पर प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र की अध्यक्षता में शिविरार्थियों के परिचय का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुविख्यात गांधीवादी विचारक एस. एन. सुब्बाराव, विवि के**



कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, आश्रम गांधी पुरी, इंडोनेशिया के बी. आर. इंद्र उदयना, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे, राष्ट्रीय कार्यकर्ता शिविर के स्वागत समिति के अध्यक्ष सारंग रघाटाटे, पिपल्स फॉर एनिमल संस्था के आशीष गोस्वामी प्रमुखता से उपस्थित थे।



कार्यक्रम में सुब्बाराव ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 300 से अधिक शिविरार्थियों का परिचय कराते हुए कहा कि भारत देश विभिन्नता में एकता का प्रतीक है। इस देश की एकता को बनाए



रखने के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने नौजवान आओ रे नौजवान गाओं रे गीत प्रस्तुत किया। प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपनी आंतरिक



ताकत का विकास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सिद्दीकी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुरक्षा

**अधिकारी राजेंद्र घोडमारे, राजीव पाठक, अश्विन श्रीवास आदि ने सहयोग प्रदान किया। शिविर का समापन सात नवंबर को होगा।**